भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 186
उत्तर देने की तारीख 18 नवंबर, 2019

कौशल भारत रोजगार मेला

186. श्री जी. सेल्वमः श्रीमती संध्या रायः श्री विजय कुमार दुबेः
श्री धनुष एम. कुमारः श्री रेबती त्रिपुराः

क्या कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हाल ही में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा कौशल भारत रोज़गार मेला आयोजित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ग) इस समारोह में विभिन्ना गतिविधियों में भाग लेने वाले आगंतुकों/नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों की संख्या कितनी है और इस मेले में कितनी कॉर्पोरेट कंपनियों ने भाग लिया;

(घ) क्या सरकार ने उद्योगों में युवाओं की छटनी करने और अनेक नौकरी प्रदान करने के लिए कोई मापदंड तय किया है;

(ङ) यदि हां, तो नौकरियों के लिए कितने युवाओं की छटनी की गयी है;

(च) क्या सरकार ने उक्त घटना को लोकप्रिय बनाने के लिए कोई जागरूकता अभियान शुरू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) क्या सरकार मध्य प्रदेश सहित देश के युवाओं के लिए विशेष रूप से भिंड और उत्तर प्रदेश के दतिया और कुशीनगर जिले में रोजगार सृजन के लिए इस तरह के मेले का आयोजन करना चाहती हो तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री आर. के. सिंह)

(क) से (ग) जी हां। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने वित्त वर्ष 2019-20 में 12 और 13 अक्तूबर, 2019 को बीकानेर में 2 दिवसीय कुशल भारत रोजगार मेले का आयोजन किया था। रोजगार मेले 18-45 वर्ष के आयु वर्ग में रोजगार आकांक्षीयों को एक समान मंच पर नियोजकों के साथ संपर्क करके रोजगार अवसर प्रदान करने के लिए आयोजित किए जाते हैं। इस मेले में कुल 3700 पंजीकरणकर्ताओं (रोजगार आकांक्षीय) ने और 81 निगमित कंपनियों ने भाग लिया।

(घ) और (ड.) उम्मीदवारों की काउंसलिंग विशिष्ट जॉब रोल के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण में उनके नामांकन से पूर्व संबंधित प्रधानमंत्री कौशल केंद्रों (पीएमकेके) में काउंसलरों द्वारा की जाती है। काउंसलिंग के बाद उम्मीदवारों को और उनकी मानसिकता, आकांक्षा और शैक्षिक योग्यता के आधार पर जॉब रोल आंवटित किए जाते हैं। रोजगार के लिए कुल 2023 युवाओं को सूचीबद्ध किया गया था।

(च) जी हां। विभिन्न संचार माध्यमों अर्थात मुद्रित विज्ञापनों, सोशल मीडिया, स्थानीय या नजदीकी कॉलेजों में भौतिक कर्मशाला, बल्क एसएमएस, प्रेस कॉन्फ्रेंस, आउटडोर ब्रांडिंग आदि के जरिए प्रचार किया गया था।

(छ) एनएसडीसी अपने पीएमकेके और अन्य प्रशिक्षण भागीदारों के माध्यम से अखिल भारतीय आधार पर रोजगार मेले आयोजित करता है, क्योंकि यह एक सतत प्रक्रिया है। दतिया और कुशीनगर में संबंधित पीएमकेके द्वारा साझा किए गए ब्यौरे के आधार पर दतिया में 23.11.2019 को और कुशीनगर में 05.12.2019 को रोजगार मेलों का आयोजन निर्धारित किया गया है।

****